**E.No.93641**

प्रेषक,

युगल किशोर पंत,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1— समस्त प्रमुख सचिव/
सचिव/सचिव (प्रभारी)
उत्तराखण्ड शासन।

2— आयुक्त,
गढ़वाल/कमाऊं,
पौड़ी/नैनीताल।

3— समस्त जिलाधिकारी,
उत्तराखण्ड।

4— समस्त विभागाध्यक्ष,
उत्तराखण्ड।

संस्कृति अनुभाग देहरादूनः दिनांक 10 दिसम्बर, 2025

**विषयः—मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या—542/2025 "स्व0 श्री इन्द्रमणी बडोनी जी के 100वें जन्मदिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन राज्य स्तर पर किया जायेगा" के कियान्वयन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जैसा कि आप विदित है कि उत्तराखण्ड राज्य की महान विभूति स्व0 श्री इन्द्रमणी बडोनी जी द्वारा पृथक उत्तराखण्ड राज्य के गठन में अहम योगदान दिया गया था एवं अपने इस योगदान हेतु इन्हें "उत्तराखण्ड के गांधी" के रूप में जाना जाता है। एक आदर्श व्यक्तित्व होने के साथ ही स्व0 श्री इन्द्रमणी बडोनी जी एक दक्ष सांस्कृतिक कार्यकर्ता भी थे एवं उनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किये गये कार्य प्रेरणास्रोत होने के दृष्टिगत प्रत्येक जनमानस को उनके योगदान से परिचित कराने एवं प्रेरित किये जाने हेतु स्व0 श्री इन्द्रमणी बडोनी जी के 100 वें जन्मदिवस दिनांक **24 दिसम्बर, 2025** को सांस्कृतिक कार्यक्रमों/गतिविधियों का आयोजन राज्य स्तर पर किया जाना है।

उक्त के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 24 दिसम्बर, 2025 को उनके जन्मदिवस के अवसर पर शिक्षण संस्थानों एवं सरकारी कार्यालयों में निम्नानुसार सांस्कृतिक कार्यक्रमों/गतिविधियों का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया हैः—

- स्व0 श्री इन्द्रमणी बडोनी जी के चित्र पर माल्यार्पण के उपरान्त स्थानीय वाद्ययन्त्र ढोल की थाप के साथ उपस्थित जन समुदाय द्वारा प्रादेशिक शैली के लोक संस्कृति के नृत्य उत्सव मनाने हेतु स्थानीय बाजीगरों (लोक संस्कृति शिल्पी) को आमंत्रित किया जाय या आधुनिक उपकरणों से कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाय।
- शिक्षण संस्थानों में स्थानीय लोक नृत्यों (झूमैलो, चौंफला, चांचरी एवं थड़िया आदि) का सामूहिक नृत्य आयोजन किया जाय।
- स्थानीय लोक भाषा शैली की गीत—गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाय।
- गढ़वाली, कुमाऊंनी एवं जौनसारी भाषा में कवि सम्मेलन आयोजित किया जाय। साथ ही स्व0 श्री बडोनी जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर आधारित भाषण प्रतियोगिता/निबन्ध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाय।
- उत्तराखण्ड की तीनों भाषाओं (गढ़वाली, कुमाऊँनी एवं जौनसारी) में भाषण देने की प्रतियोगिता भी इस दिवस के कार्यक्रम में सम्मिलित की जाए।



File No. CR-CM-G/1/12/2025-VI-2-Culture and Religion Department (Computer No. 93641)
Generated from eOffice by UMRAO SINGH GUSAIN, RO-Culture and Religion Section-USG, REVIEW OFFICER, Culture and Religion Department on 10/12/2025 03:30 pm

- उपरोक्त आयोजनों में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने की व्यवस्था की जाए। कार्यक्रमों के संचालन में यथासम्भव स्थानीय बोली भाषा को प्राथमिकता/महत्व दिया जाय।

उपरोक्तानुसार स्व0 श्री इन्द्रमणि बडोनी जी के 100वें जन्मदिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों/गतिविधियों के आयोजन हेतु समयान्तर्गत अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Digitally signed by
YUGAL KISHORE PANT
Date: 09-12-2025
(युगल किशोर पंत)
सचिव।

<u>प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>

1–महानिदेशक, सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड।
2–महानिदेशक, संस्कृति विभाग, उत्तराखण्ड।
3–गार्ड फाईल।

Digitally signed by
Pradeep Kumar Joshi
Date: 10-12-2025
14:16:38
(प्रदीप जोशी)
अपर सचिव।



File No. CR-CM-G/1/12/2025-VI-2-Culture and Religion Department (Computer No. 93641)
Generated from eOffice by UMRAO SINGH GUSAIN, RO-Culture and Religion Section-USG, REVIEW OFFICER, Culture and Religion Department on 10/12/2025 03:30 pm